# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे “मिशन शक्ति अभियान-4” के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/‘‘शक्ति दीदी’’ द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

“मिशन शक्ति अभियान-4” व ‘‘शक्ति दीदी’’ अभियान के तहत आज दिनांक 11.11.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाओँ को “मिशन शक्ति” व ‘‘शक्ति दीदी’’ के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित “एंटी रोमियो स्क्वायड” टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की।

**(2).** आज दिनाँक 11.11.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में चित्रकूट पुलिस द्वारा आगामी त्योहार के दृष्टिगत शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृण बनाये रखने हेतु थाना/चौकी प्रभारियो द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया। पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सरकारी शराब की दुकानों को चेक किया गया एवं 02/04 पहिया वाहनों की चेकिंग की गयी।

**(3).** आज दिनाँक 11.11.2024 को आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा/ नोडल अधिकारी जनपद चित्रकूट श्री बालकृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में माननीय प्रभारी मंत्री जी के बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन के संबंध में आयुक्त महोदय द्वारा कानून व्यवस्था एवं विकास कार्यो की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में पुलिस उपमहानिरीक्षक परिक्षेत्र बांदा श्री अजय कुमार सिंह, संयुक्त विकास आयुक्त श्री पुष्पेंद्र सिंह, जिलाधिकारी श्री शिवशरणप्पा जीएन, पुलिस अधीक्षक श्री अरुण कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अमृतपाल कौर उपस्थित रहे। मंडलाआयुक्त की अध्यक्षता में 17/ 09/ 2024 के निरीक्षण का अनुपालन एवं 24/10/ 2024 बैठक के अनुपालन की समीक्षा की गई। बैठक में वृक्षारोपण, डीएपी उर्वरक वितरण, पशुपालन, सिंचाई विभाग, राजस्व, पुलिस लाइन में ट्रांजिट हॉस्टल, ग्राम देवारी में विद्युत के ट्रांसफार्मर के बदलाव, नगर पालिका परिषद कर्वी एवं राजापुर में फीडर से विद्युत संचालित, विद्युत बिलों में ससमय संशोधन, मनरेगा, जल जीवन मिशन बरगढ़ क्षेत्र में नियमित रूप से पेयजल का संचालन, पर्यटन, जिला कार्यक्रम, सेतुओं से संबंधित, शिवरामपुर से पहाड़ी तक सड़क में गड्ढे, ओडीओपी, खाद की उपलब्धता, खनन, समुदाय केंद्र शिवरामपुर की अंदर कच्ची सड़क, सीएम डैशबोर्ड, अक्टूबर की समीक्षा, निपुण भारत आदि बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की गई।

मंडला आयुक्त ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत कराई जा रहे कार्यों के संबंध में अधिशासी अभियंता जल निगम को निर्देशित किया कि जिन रोडो की खुदाई हुई है उसे तत्काल सही कराए उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि इसका सत्यापन भी कराए। उन्होंने सीएम डैशबोर्ड ओडीओपी में स्थित ठीक न पाए जाने पर जिलाधिकारी से कहा कि उनके खिलाफ कार्रवाई करें।

मंडला आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो गत बैठकों में माननीय प्रभारी मंत्री जी द्वारा जिन बिंदुओं पर निर्देश दिए गए उनका अनुपालन सुनिश्चित कराए। उन्होंने जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी से कहा कि अनुपालन आख्या में दिए गए माननीय मंत्री जी द्वारा निर्देशों का स्थलीय सत्यापन करें। विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों में सीएम डैशबोर्ड में जनपद की स्थिति ठीक नहीं है जिससे कि जनपद की रैंकिंग खराब हो गई है, सभी उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपनी रैंकिंग में सुधार कराए। उन्होंने यह भी कहा कि अगली मीटिंग में जिस विभाग की रैंकिंग ठीक नहीं रहेगी संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि आईजीआरएस में जो शिकायत आती है उसका निस्तारण समय से कराए। मंडला आयुक्त ने कहां की पुलिस विभाग रैंकिंग अच्छी आ रही है हम लोग क्यों नहीं कर पा रहे हैं इसको सुनिश्चित कराए। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा की जाती है उन्होंने कहा कि आईजीआरएस के प्रकरणों पर कहा की संतुष्टि होनी चाहिए स्थल पर जाकर शिकायतकर्ता से बात कर निस्तारण कराए। मंडला आयुक्त ने कहा कि जो माननीय विधायक व सांसद एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा शिकायत की गई थी अधिकांश अनुपालन आख्या का पालन हो चुका है जो बचे है उसे संबंधित अधिकारी तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करें।

मंडला आयुक्त ने दीपावली अमावस्या मेला को सकुशल संपन्न होने पर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक सहित संबंधित सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को बधाई दिए। मंडला आयुक्त ने आगामी मेला को देखते हुए कहा कि जिन लोगों की मेला में ड्यूटी लगाई गई है वे कोऑर्डिनेट कर सकुशल संपन्न कराए। उन्होंने कहा कि मेले में साफ सफाई की भी व्यवस्था सुनिश्चित कराए एवं पुलिस अधीक्षक को निर्देशित किया कि सुरक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका होती है यह सुनिश्चित कराए। उन्होंने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड को निर्देशित किया कि जो रोड पर गड्ढा है न रहना चाहिए एवं यह भी कहा कि जहां ब्रेकर की आवश्यकता है वहां बनाएं। उन्होंने सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया कि समय-समय पर गाड़ियों की चेकिंग करते रहें। पुलिस उपमहानिरीक्षक श्री अजय कुमार सिंह ने आगामी त्यौहारों को देखते हुए कहा की प्रतिमाह अमावस्या मेला जनपद में होता है जिसमें दो-तीन मेले बड़े होते हैं जो त्यौहार आने वाले हैं वह देव दीपावली का पर्व है जिसमें श्रद्धालु रामघाट के मंदाकिनी में स्नान

कर मंदिर में पूजन अर्चन करते हैं इस पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि मानिकपुर में खाटू श्याम शोभायात्रा निकलती है संबंधित उप जिला अधिकारी इसे सकुशल संपन्न कराए। उन्होंने कहा कि हमें संवेदनशील रहना है उपचुनाव में किसी प्रकार की समस्या नहीं आनी चाहिए कहा कि कार्तिक मांह पूर्णिमा का मेला 15 को लगेगी इसको भी सकुशल संपन्न करना है उन्होंने कहा कि घाट पर गोताखोर कंट्रोल रूम सफाई की व्यवस्था संबंधित उप जिलाधिकारी अधिशासी अधिकारी सुनिश्चित कराए। उन्होंने कहा कि 15 नवंबर को 84 कोसी मेला का चित्रकूट से अयोध्या तक होते जाएगी अपने रूट मार्ग पर सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराए, कहा की यात्रा निर्विघ्न होनी चाहिए। उन्होंने 15 अक्टूबर से राजापुर में तुलसी स्मारक स्थल पर एक महीने तक चलने वाला मेला के बारे में पुलिस क्षेत्राधिकार थाना प्रभारी व उप जिला अधिकारी को निर्देशित किया कि इसमें सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराए। उन्होंने कहा कि भैरव बाबा मेला मडैयन में लगता है इसको दिशा कुशल संपन्न कराए। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने मंडल आयुक्त का आभार व्यक्तित्व करते हुए कहा कि जो निर्देश दिया गया है उसको हमारी टीम द्वारा अक्षरशः पालन कराया जाएगा। इस अवसर पर अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, परियोजना निदेशक श्री सच्चिदानंद प्रसाद, डीसीएनआरएलएम श्री ओपी मिश्रा, डीसी मनरेगा श्री धर्मजीत सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुभाष चंद्र, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण खंड प्रांतीय श्री संतोष कुमार सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक श्री संतोष कुमार सिंह मिश्रा, शहित संबंधित अधिकारी उपस्थित है।

**(4).** श्रीमान पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 के निर्देशन में चलाये जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत माननीय न्यायालय में लम्बित चल रहे वादों में गहन पैरवी कर अपराधियों को अधिक से अधिक सजा कराने हेतु पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा श्री आशुतोष तिवारी एवं पैरोकार आरक्षी अशोक यादव द्वारा की गयी गहन पैरवी एवं सहायक अभियोजन अधिकारी श्री बृजमोहन द्वारा की गयी प्रभावी प्रस्तुति एवं प्रभावी बहस के फलस्वरूप माननीय न्यायालय सिविल जज सी0डी0 एफटीसी चित्रकूट सुश्री सोनम गुप्ता द्वारा आज दिनांक 11.11.2024 को थाना सरधुवा में पंजीकृत एनसीआर 64/2023 धारा 323,504 भादवि0 के आरोपी अभियुक्त 1. रामू पुत्र स्वयंवर 2. भोलिया उर्फ सुरेशमा पत्नी रामू 3. केशना उर्फ झुल्लन पुत्री रामप्रसाद 4. रामप्रसाद पुत्र परसन निवासीगण चांदी थाना सरधुवा जनपद चित्रकूट को न्यायालय उठने तक की सजा व प्रत्येक को 6000-6000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

**(5).** श्रीमान पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 के निर्देशन में चलाये जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत माननीय न्यायालय में लम्बित चल रहे वादों में गहन पैरवी कर अपराधियों को अधिक से अधिक सजा कराने हेतु पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह एवं पैरोकार आरक्षी अशोक बाबू द्वारा की गयी गहन पैरवी एवं सहायक अभियोजन अधिकारी श्री हरिओम सिंह द्वारा की गयी प्रभावी प्रस्तुति एवं प्रभावी बहस के फलस्वरूप माननीय न्यायाधीश सिविल जज(सी0डि0) एफटीसी सुश्री सोनम गुप्ता द्वारा आज दिनाँक 11.11.2024 को थाना कोतवाली में पंजीकृत मु0अ0सं0 514/2019 धारा 279,337,338 भादवि0 के आरोपी अभियुक्त कृष्णगोपाल पुत्र चुन्नीलाल निवासी डढ़िया थाना फतेहगंज जनपद बांदा को न्यायालय उठने तक की सजा व 2000/- रूपए के अर्थदण्ड से दंडित किया गया।